NAAC A++

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

Email.:-registrar@ccsuniversity.ac.in website:- www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक : सम्बद्धता/4661 2025–26 दिनांक : 14/03/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र/छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महादेय/महादेया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक, उ0शि0 प्रयागराज के पत्र संख्या–डिग्री विकास/3098/2025–26 दिनांकः 06.03.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके माध्यम से युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र/छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि निदेशालय के संलग्न पत्र में उल्लिखित निर्देशानुसार युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र/छात्राओं द्वारा नामांकन कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही अतिआवश्यक रूप से सम्पन्न कराते हुए नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या नीचे दिये गये लिंक के माध्यम से **आज ही** उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

**लिंक–** https://forms.gle/xntnsaxwGLNiCjSN7

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,
14/3/26
**प्रभारी (सम्बद्धता)**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त डीन/निदेशक, विभागाध्यक्ष/प्रभारी/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/कुलानुशासक/प्रभारी सुरक्षा/चीफ वार्डन, चौधरी चरण सिंह विवविद्यालय, मेरठ
2. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**प्रभारी (सम्बद्धता)**

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

Urgent
A.R. (Affiliation)
07-03-26
कुलसचिव
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

ई – मेल/तत्काल

सेवा में,

1. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।**
2. **समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 3098 /2025 – 26 दिनांक – 06 / 03 /2026

**विषय – युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र – छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 225/सत्तर – 3 – 2026 – 2029275 दिनांक 06 मार्च, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र – छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में है।

प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में आपको अवगत कराना है कि युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) प्रोग्राम के तहत एक पहल है, जिसे अलग-अलग राज्यों/UTs के लोगों के बीच बातचीत को मज़बूत करने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवा संगम एक एजुकेशन-कम-कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तौर पर काम करता है जिसका मकसद भारत की समृद्ध विविधता का जश्न मनाना है और यह पाँच मुख्य थीम वाले एरिया के आस-पास बना है। ये हैं: पर्यटन (टूरिज़्म), परंपरा (ट्रेडिशन), प्रगति (डेवलपमेंट), प्रोद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) और परस्पर संपर्क (पीपल-टू-पीपल कनेक्ट)।

युवा संगम फेज़ VI के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 2 मार्च 2026 से युवा संगम पोर्टल: https://ebsb.aicte-india.org/ के माध्यम से शुरू हो चुके हैं। कल्चरल-कम-एजुकेशनल टूर अप्रैल-जून 2026 के लिए तय हैं।

उक्त के सम्बन्ध में आज शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के साथ संपन्न वर्चुअल बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से अधिक से अधिक छात्र – छात्राओं का नामांकन कराते हुए नामांकित छात्र एवं छात्राओं की संख्या (निर्धारित प्रारूप पर) एवं कृत कार्यवाही की आख्या **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**प्रकरण शासन की प्राथमिकता में है अतएव व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।**

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

6/3/26

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

msg-a:r-26149202487... 1/1

om>

PM

महत्वपूर्ण

संख्या-225/सत्तर-3-2026-2029275

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 — लखनऊ दिनांक:06 मार्च, 2026

विषय:- युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) की दिनांक 06.03.2026 को आहूत बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री अमित कादियान, वैज्ञानिक अधिकारी का ई-मेल पत्र दिनांक 05 मार्च, 2026 की (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) के छठवें चरण हेतु विभाग के कार्यरत किसी अधिकारी को नामित करने एवं नामित अधिकारी द्वारा 06 मार्च 2026 को दोपहर 3:30 बजे जॉइंट सेक्रेटरी (TEL & लैंग्वेज) की चेयरमैनशिप में होने वाली मीटिंग में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में आपको प्रश्नगत कार्यक्रम हेतु विभाग का अधिकारी नामित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कृपया दिनांक 06 मार्च 2026 को दोपहर 3:30 बजे जॉइंट सेक्रेटरी (TEL & लैंग्वेज) की अध्यक्षता में आहूत वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 06-03-2026
11:41:10

(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि श्री अमित कादियान, वैज्ञानिक अधिकारी को उनके ई-मेल पत्र दिनांक 05 मार्च, 2026 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।